हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 14 मार्च 2024

04 भू-माफिया ने किया रास्ते पर कब्जा



07 होली के लिए रेलवे उत्तरप्रदेश के यात्रियों के...






### राजस्व कार्य में रुचि न लेने वाले अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्रवाई प्रस्तावित की जाए

# किसी भी गांव के नक्शे पेंडिंग न रहे, सभी नक्शों का प्रकाशन करें

31 मार्च तक कोई भी गांव के नक्शे पेंडिंग ना रहे। सभी गांव के नक्शे 31 मार्च तक बन जाएं। एवं उनका प्रकाशन भी हो जाए। नक्शो के अंतिम प्रकाशन के लिए नक्शो की फाइल भी भेजें। यदि कोई तकनीकी समस्या है तो उसे प्राथमिकता से सुलझाएं । उक्त निर्देश बुधवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर ने स्पष्ट हिदायत दी कि यदि अधिकारी एवं कर्मचारी राजस्व कार्य करने में रुचि नहीं ले रहे हैं एवं लापरवाही बरत रहे हैं तो ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने बैठक में पेंडिंग प्रकरण, फसल क्षति एवं राजस्व न्यायालय के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा राजस्व महा अभियान एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की। कलेक्टर ने फसल क्षति, ओलावृष्टि एवं ओला पाला से हुई फसल नुकसान, सर्वे एवं राहत राशि के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकृत कर हितग्राहियों को राहत देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनसुनवाई के लंबित प्रकरण, किसान पंजीयन, गेहूं रकबा सत्यापन की समीक्षा की तथा ई केवाईसी की समीक्षा की। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्वीप के अंतर्गत किए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। साथ ही उन्होंने निर्वाचन से पूर्व संदिग्ध लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव के लिए की जा रही तैयारी की भी कलेक्टर ने समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



#### ई-केवाईसी के प्रकरण शिविर लगाएं

ई केवाईसी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वह लगातार प्रकरणों की मॉनिटरिंग करें। ई केवाईसी को खसरे से लिंक करें। सभी एसडीएम एवं तहसीलदार ऐसे भू स्वामियों के नाम निकाले जिनका खसरा केवाईसी से लिंक नहीं है। उन्हें प्राथमिकता से लिंक कराना सुनिश्चित करें।

#### चुनाव से पूर्व अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें: कलेक्टर सोनिया मीना

कलेक्टर सोनिया मीना ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए सभी कार्यपालिका दंड अधिकारियों को निर्देश दिए की वे अपने क्षेत्र के अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। ऐसे व्यक्तियों पर ब्रांड ओवर की कार्रवाई भी करें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्यत्र हो गया है उनके नाम मतदाता सूची से काटते हुए उनकी जगह जो नए अधिकारी एवं कर्मचारी आए हैं उनका नाम मतदाता सूची में प्राथमिकता से जोड़े । जीरो टॉलरेंस नीति का पालन करते हुए मतदाता सूची बनाएं। किसी भी क्षेत्र में किसी भी विशिष्ट व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से जुड़ने से ना छूटे। कलेक्टर ने कहा कि जो व्यक्ति मृत हो चुके हैं उनके नाम प्राथमिकता से मतदाता सूची से हटाए जाए। निर्वाचन के दौरान 24 से 72 घंटे के दौरान जो कार्रवाई होती है। उस कार्रवाई के लिए अभी से तैयारी सुनिश्चित करें। बैठक में नर्मदा पुरम जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदार मौजूद थे।

#### राजस्व अभियान की समीक्षा

कलेक्टर सोनिया मीना ने राजस्व महा अभियान के अंतर्गत सीमांकन, बंटवारा, तरमीम एवं नक्शा तरमीम के प्रकरणों की समीक्षा की। अब तक हुई प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि वह और अधिक समय देकर सभी प्रकरणों का यथाशीघ्र समय पर निराकरण करें । उन्होंने कहा कि जिन राजस्व अधिकारियों का प्रदर्शन ठीक नहीं है, वह विशेष शिविर लगाकर उक्त प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने नक्शो के प्रकरणों में उल्लेखनीय प्रगति न होने पर नाराजगी प्रकट की और सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 15 दिन में विशेष ध्यान देते हुए नक्शा तरमीम के प्रकरण एवं राजस्व वसूली के प्रकरण में प्रगति लाए और शत प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणो की समीक्षा की उन्होंने गत माह में प्रकरणों की अच्छी स्थिति की सराहना करते हुए कहा कि , सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में उल्लेखनीय प्रगति हुई थी और संतुष्टि पूर्वक शिकायतें बंद की गई थी। लेकिन इस माह प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस पर और अधिक ध्यान देते हुए प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाई जाए । उन्होंने स्वेच्छा अनुदान के 254 लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त प्रकरण शासन स्तर से स्वीकृत हो चुका है। अतः उनकी पूरी डिटेल प्राप्त कर हितग्राहियों को बुलाकर उनसे समस्त दस्तावेज लेकर उन्हें राहत देना सुनिश्चित करें। इसके लिए विशेष कंट्रोल रूम भी बनाएं।

# नर्मदापुरम में 30 मार्च को मनाया जाएगा केसरिया होली महोत्सव

#### श्री समर्पण श्री सोशल वेलफेयर सोसायटी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



श्री समर्पण श्री सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित केसरिया होली महोत्सव 2024 की तैयारियों को लेकर बुधवार को स्वयंवरम गार्डन में बैठक संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 30 मार्च को रंग पंचमी के पावन पर्व पर नर्मदापुरम के स्वयंवरम गार्डन में केसरिया होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह होली महोत्सव बहुत ही भव्य रूप एवं बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री समर्पण श्री के अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि इस बार केसरिया होली महोत्सव में डीजे एवं ढोल पर केसरिया रंग के फुआरो के साथ भव्य होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कई प्रकार के व्यंजन व ठंडाई भी उपलब्ध रहेगी। श्री समर्पण श्री के मीडिया प्रभारी अंकित सैनी ने बताया कि केसरिया होली महोत्सव में सिर्फ कपल एवं फैमली को ही प्रवेश दिया जायेगा एवं प्रवेश हेतु एंट्री पास जरूरी होगा। बिना एंट्री पास के आयोजन में प्रवेश नही दिया जाएगा। इस आयोजन का सोशल मीडिया पार्टनर नर्मदापुरम शहर के सबसे अधिक फ़ॉलोअर्स वाले पेज नमस्ते नर्मदापुरम को बनाया गया है। इस दौरान बैठक में समिति के राहुल मिश्रा, स्वदेश सैनी, अतुल जोशी, विशाल चावरिया, पीयूष दुबे, अमन चुटीले, जसवीर सिंह बावरा, दुर्गेश मालवीय, देवेंद्र सराठे, सौरभ पाल, रितेश राजपूत, रोहित ठाकुर, रजत रामहारिया, मोहित कुशवाहा, अमन सोनी, केतन बरगले, संदीप खिलारे, अनुज झा, शशांक रावत, सिद्धार्थ जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# एसी कॉपर वायर चुराने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गत मंगलवार की मध्य रात्रि शहर के नमन नर्मदा गार्डन में लगे एसी का कॉपर वायर चुराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसआई सुनील कुशवाह के मुताबिक 10 मार्च की रात को नमन नर्मदा गार्डन में लगे एसी का कॉपर वायर जिसकी अनुमानित कीमत 45 हजार रूपए बताई गई, उसे शहर के बंगाली कालोनी निवासी अशोक विश्वास द्वारा चुराया गया था। बुधवार की रात एक बार फिर आरोपी युवक उक्त गार्डन में लगे एसी का कॉपर वायर चुराने के प्रयास में था। इसी दौरान गार्डन के कर्मचारियों ने उसे रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पूछताछ में आरोपी युवक ने मंगलवार को एसी कॉपर वायर चोरी की वारदात को स्वीकार किया है।

### सोहागपुर क्षेत्र में 2 सीएम राइज स्कूल हुए स्वीकृत

**नर्मदापुरम।** स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री उदयप्रताप सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर को बड़ी सौगात दी गई। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांगाखेड़ाकलां एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर को लगभग 40-40करोड़ की लागत से सीएम राईज स्कूल बनाये जाने हेतु राशि स्वीकृत की गई। विधायक विजयपाल सिंह द्वारा उक्त संबंध में मंत्री से चर्चा कर क्षेत्र में सीएम राईज स्कूल खोले जाने हेतु मांग गई थी जिसके तहत उक्त राशि स्वीकृत हुई है शीघ्र ही दोनो स्थानों पर सीएम राईज स्कूलों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

# नुक्कड़ नाटक से दिया नशामुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के स्थानीय कलाकारों द्वारा बुधवार को सेठानीघाट पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक में कलाकारों ने युवाओं को नशे से दूर रहने और अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने के लिए जागरूक किया। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से लोगों को नशा और अपराध के लिए दुष्परिणाम की जानकारी दी। उन्होंने नाटक के माध्यम से बताया कि दूसरे शहर से एक व्यक्ति नर्मदा स्नान के लिए आया जिसे नशे के कारोबारियों द्वारा घेरने का प्रयास किया। वहीं कुछ आपराधिक तत्वों ने भी परेशान किया। परेशान युवक ने अपनी व्यथा पुलिसकर्मियों को बताई। वहीं नर्मदापुरम की संस्कृति को बचाने के लिए कार्रवाई की मांग की। नाटक में गीत लेखन मनोज परसाई, नाटक लेखन एवं निर्देशक देव अवस्थी के अलावा मंचन अजय सिंह राजपूत, अजय नोरिया, क्षमा दायमा, स्नेहा राजपूत, रामगोपाल चौबे, शिवम कीर, चैनसिंह मीना, मुकेश नायक, कनिष्क बरेले आदि ने भूमिका निभाई।

### अवैध खनिज नाका चौकी को प्रशासन ने हटाया

**नर्मदापुरम।** जिला मुख्यालय पर पिछले काफी समय से भोपाल तिराहे पर माइनिंग कॉरपोरेशन की खनिज नाका चौकी को कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश के बाद प्रशासन द्वारा जेसीबी से हटा दिया गया है। विदित हो कि कलेक्टर द्वारा दिए गए आदेश के तहत सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ के के नेतृत्व में के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर प्रियंका भल्लवी, शहरी तहसीलदार देवशंकर धुर्वे, जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम सहित पुलिस प्रशासन सहित नपा अमला की टीम ने भोपाल तिराहे पर अवैध रूप से संचालित रेतना का चौकी को बुधवार को हटा दिया है। उक्त चौकी पिछले काफी समय से सुर्खियों में थी और यहां पर सामाजिक तत्व पूरी रात भर बैठकर अवैध वसूली करते थे जबकि शासन की तरफ से या खनिज विभाग की तरफ से यह कोई विधिवत रूप से संचालित नहीं थी। यह भी बताया जाता है कि उक्त चौकी का निर्माण आरकेटीसी कंपनी के दौरान निर्माण किया गया था रेत नाका चौकी के रूप में ।वहां पर चेकिंग हुआ करती थी। उस वक्त सीसीटीवी कैमरे वगैरा भी लगाए गए थे और जिला प्रशासन की निगरानी में उक्त कार्य होता था। आरकेटीसी कंपनी जाने के बाद से यह नाका सुना पड़ा हुआ था यहां पर अवैध और सामाजिक तत्वों द्वारा इस पर कब्जा कर लिया था।

# हेमेश्वरी पटले ने संभाला सीएमओ का कार्यभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम में नवागत सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने बुधवार को कार्यभार संभाला। विदित हो कि नपा सीएमओ नवनीत पांडे का स्थानांतरण सहायक संचालक, कार्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास नर्मदापुरम संभाग किया गया है।

वहीं हेमेश्वरी पटले वर्तमान में नरसिंहपुर में शहरी विकास अधिकरण में परियोजना अधिकारी हैं। विदित हो कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश की कई नगर पालिकाओं में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के स्थानांतरण किये हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टि से तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करते हुए अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानांतरित किया है। श्रीमती पटले ने बुधवार को कार्यभार संभालते ही नपा की सभी शाखाओं में पहुंचकर कर्मचारियों का परिचय लेते हुए कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी को सामांजस्य बनाकर नगर विकास के कार्य करने होंगे।

### पंडित राम लाल शर्मा स्मृति समारोह 19 मार्च से

**नर्मदापुरम।** आगामी 19 मार्च से प्रारम्भ होने वाले पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह की समस्त तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। परम्परागत रूप से प्रतिवर्ष सम्पन्न होने वाला यह पंच दिवसीय प्रवचन प्रसंग के रूप में आयोजित कार्यक्रम का यह 47 वां वर्ष है। इस वर्ष के प्रवचन का यह आयोजन आगामी मार्च माह 19 मार्च से 23 मार्च तक सत्संग चौक, सेठानीघाट पर आयोजित किया जा रहा है। समारोह में प्रवचन हेतु बाँदा चित्रकूट से मानस रत्न पं रामगोपाल तिवारी पधार रहें हैं। ज्ञात हो कि पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के विगत वर्षों में देश के विभिन्न तीर्थस्थलों से महान संत एवं चारों पीठों के शंकराचार्यगणों ने पधार कर अपनी अमृतवाणी से नगर की जनता को प्रवचन लाभ दिया है। सत्संग चौक, सेठानीघाट पर प्रवचन प्रतिदिन सायंकाल 7:30 बजे प्रारंभ होंगे। शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में सन 1999 को महाविद्यालय के संस्थापक पं रामलाल शर्मा की प्रतिमा स्थापित हुई थी, तभी से प्रतिवर्ष 20 मार्च को प्रतिमा स्थल परिसर में पं रामलाल शर्मा की पुण्य तिथि पर महाविद्यालय में प्रतिमा स्थल पर प्रातः 8:30 बजे से पुण्य स्मरण सभा का आयोजन किया जाएगा।

# राजस्व महा अभियान से प्रकरणों का हुआ निराकरण

#### नामांतरण व बंटवारे की समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में संचालित राजस्व महा अभियान से राजस्व संबंधी विभिन्न प्रकरणों के निराकरण में सराहनीय सफलता मिली है। अधीक्षक भू अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया कि जिले में राजस्व अभियान के तहत कुल 936 ग्राम पंचायतों में बी-1 वाचन किया गया इस दौरान 2 हजार से अधिक नामांतरण, बंटवारे तथा अन्य मदों के प्रकरणों का निराकरण किया गया।

अभियान के दौरान राजस्व विभाग की टीम द्वारा जिले में समस्त ग्राम पंचायत में कृषको की सुविधा के लिए शिविरों का आयोजन कर आमजन, कृषकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। विशेष कर समग्र ई केवायसी कराने के लिए प्रेरित किया गया। जिले में 68 हजार से अधिक कृषकों की समग्र ई केवायसी कराई गई। महाअभियान के दौरान हल्का पटवारियों द्वारा मौके पर जाकर नक्शा दुरुस्ती की कार्यवाही की गई। अभियान अवधि में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामित्व का कार्य भी कराया गया।

इस दौरान 1800 से अधिक आबादी भूमि के अधिकार पत्र वितरित कराए गए। अभियान के दौरान ग्राउंड टथिंग पश्चात 333 ग्रामों के नक्शा शीट सर्वे आफ इंडिया जबलपुर में जमा कराए गए। अभियान अवधि से पूर्व बटवारे में निराकरण का प्रतिशत 63 था वही अभियान अवधि के पश्चात यह बढ़कर 85 प्रतिशत हो गया। इसी प्रकार नामांतरण का प्रतिशत 78 से बढ़कर 91 प्रतिशत, सीमांकन का 78 से बढ़कर 86 प्रतिशत प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। कलेक्टर ने महाअभियान के दौरान प्राप्त सफलता की सराहना कर समस्त राजस्व टीम को बधाई दी है।

#### योजनाओं से वंचित हितग्राहियों के लिए पीएम ने दी सौगात

# सूरज पोर्टल से मिलेगी आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रीय पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम में देशभर के सभी जिलों के हितग्राही वर्चुअल जुड़े थे। प्रधानमंत्री ने देशभर के विभिन्न राज्यों के ऋण सहायता प्राप्त लाभार्थियों से संवाद भी किया। नर्मदापुरम जिले में भी पीएम सूरज पोर्टल का कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री ने कहां की सूरज पोर्टल के जरिए वंचित लोगों को सीधे आर्थिक सहायता दी जाएगी। हितग्राहियों के बैंक खातों में पैसा सीधे पहुंचेगा। इससे न बिचौलियों तक पैसा पहुंचेगा ना ही किसी अन्य व्यक्ति की तरफ, यह पैसा सीधे खाते में पहुंचेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा से ही गरीब और वंचित तबकों को मुख्यधारा में लाने का कार्य करती रही है। नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के विवेक खरे को 65 हजार, छात्रपाल राजवंशी को 95 हजार, विनय रोहे को 1 लाख रुपए, मान सिंह मेहरा को 20 हजार, अनूप कुमार को 10 हजार, अंकित बोरासी को 10 हजार, राकेश दोहर को 50 हजार रुपए की राशि उनके खाते में हस्तांतरित की गई। वहीं अनुसूचित जनजाति वर्ग से गोपाल को 2 लाख रुपए एवं पवन को 7 लाख की आर्थिक सहायता उनके खातों में सीधे हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक संचालक संजय द्विवेदी, बैंक कर्मी एवं हितग्राही मौजूद थे ।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल उपयोगिता समिति सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक का आयोजन गुरुवार 14 मार्च को अपराह्न 4 बजे से कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में होगा।

कार्यपालन यंत्री तवा परियोजना संभाग इटारसी एवं सचिव जिला जल उपयोगिता समिति ने बताया है कि बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए जायेंगे। प्रमुख रूप से तवा जलाशय में वर्तमान में जल भंडारण की स्थिति के परिप्रेक्ष्य में ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए जल प्रवाह संचालन एवं जल प्रवाह कब से प्रारंभ किया जाए आदि जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लिए जायेंगे। ताकि फसलों के लिए निर्धारित मात्रा में पानी की सिंचाई संभव हो सके।

# स्वरोजगार योजना के लिए शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार आज ग्राम खारदा में स्वरोजगार योजना के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम से प्राचार्य डॉ प्रेमचन्द नरवरे, विभागाध्यक्ष श्री चंद्राकर एवं अन्य कर्मचारी महाविद्यालय से जागरूकता अभियान में सम्मिलित हुए। स्वरोजगार जागरूकता अभियान में जिला उद्योग केंद्र से महाप्रबंधक कैलाश माल एवं एनआरएलएम से भी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

### अचल संपत्ति की मूल्यांकन गाइड लाइन निर्धारित

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला मूल्यांकन समिति नर्मदापुरम सोनिया मीना ने मूल्यांकन बोर्ड के अनुमोदन उपरांत वर्ष 2024-25 के लिए गाइडलाइन जारी की है। यह गाइडलाइन 1 अप्रैल 2024 से प्रभावशील होगी।

### लोक सेवा केंद्र में प्रकरणों के निराकरण

**नर्मदापुरम।** लोकसेवा केन्द्र सिवनीमालवा में प्रकरणों के निराकरण में यदि कोई समस्या आए तो शिकायतकर्ता बेझिझक अपनी शिकायत कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनीमालवा में आकर करें। एसडीएम सिवनीमालवा ने बताया कि लोकसेवा केन्द्र सिवनीमालवा का उन्होंने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि लोकसेवा केन्द्र द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों का निर्धारित समयसीमा के अंदर निराकरण करना पाया गया है।

## खबर संक्षेप



### राज्य स्तर शिविर संपन्न शालिनी ने किया प्रतिनिधित्व

**बैतूल।** ग्राम पनवाड़ी रलायती तहसील पचोर जिला राजगढ़ में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में शासकीय कन्या महविद्यालय बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक शालिनी पन्द्राम ने जिले का प्रतिनिधित्व कर लौटे। शिविर का शुभारंभ राज्य मंत्री गौतम टेटवाल एवं सांसद महोदय रॉडमल नागर के आतिथ्य में हुआ। शालिनी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि शिविर में प्रभात फेरी, रोल कॉल, योग अभ्यास, बौद्धिक सत्र, शिविर पुस्तिका का विमोचन, लोक नृत्य की प्रस्तुति, आवाज यूनिसेफ निर्देशक प्रशांत दुबे ने बाल संरक्षण की जानकारी दी। शालिनी की शिविर में सहभागिता पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.विद्या चौधरी, डॉ.आशीष गुप्ता, डॉ.साधना डेहरिया, डॉ. मेघा मालवी, विनोद अडलक,श्रीमती माधुरी पल्ले, समस्त कॉलेज स्टाफ, एनएसएस की स्वयंसेविका मोनिका उइके, करीना उइके, शिवानी गोयल,कु प्रीतिशा वानखेड़े, चांदनी परते, अनामिका अकोदिया, सोनम सोनवाने, पूनम काकोडिया व सभी स्वयंसेवकों स्वागत कर बधाई दी।

### सांसद डीडी उइके ने किए विभिन्न पंचायतों में भूमि पूजन

**शाहपुर।** बेतुल हरदा हरसूद संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद दुर्गादास उइके ने शाहपुर ब्लाक के विभिन्न पंचायतो में विभिन्न विकास कार्यो के भूमि पूजन किए। वहीं ग्राम पंचायत देशावाडी के ग्राम बरेठा में सामुदायिक सांस्कृतिक भवन के भूमि पूजन के दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश इवने का भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर सांसद दुर्गादास उइके ने पुष्पहार से स्वागत किया। शाहपुर ब्लाक की देशावाड़ी ,पाठई,मुढा,कुंडी ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक भवन के निर्माण कार्यो के लिए भूमि पूजन किया तो वही काफी वर्षो से पावरझंडा ग्राम पंचायत के जामुनढाना वासियो द्वारा लगातार ब्रिज की मांग की जा रही थी।बरसात के दिनों में जामुनढाना के ग्रामवासियो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।ग्रामवासियो की परेशानियों को ध्यान में रखकर सांसद दुर्गादास उइके ने ब्रिज के निर्माण कार्य के लिये बुधवार को पहुंचकर भूमि पूजन किया।

## आखिर क्यों नहीं हो रही अतिक्रमणकारी पर कार्रवाई....?

# भू-माफिया ने किया रास्ते पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल/आमला

शासन-प्रशासन चाहे लाख दावे करे, फिर भी अतिक्रमण पर कठोर कार्रवाई के निर्देश के बावजूद पीड़ितों को राहत मिलती नहीं दिखाई पड़ रही है। प्रशासनिक अधिकारियों के दावे, कि सब कुछ ठीक हो रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन के ये दावे एक ही शिकायत के बार-बार जनसुनवाई में आने और फिर शिकायतकर्ता को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिये जाने के बावजूद, यह एक गंभीर चिंता का ही विषय बनते जा रहा है।

ताजा मामला आमला बोड़खी क्षेत्र के ऐसे ही एक आवेदनकर्ता चक्रधारी पिता किसनलाल हारोड़े का है, जिसने अपनी शिकायत में बताया कि मेरी जमीन के रास्ते पर बोडख़ी क्षैत्र के भू-माफिया डॉक्टर ऋषि सहगल द्वारा जबरन अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसकी शिकायत मैंने गत चार मार्च को भी तहसील कार्यालय में दर्ज करवाई थी। इसके बावजूद आज दिनांक तक कोई कार्रवाई ना होने के कारण जनसुनवाई में फिर एक बार शिकायत देकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार आमला को शिकायती पत्र सौंपकर निवेदन किया गया है कि मेरी जमीन के रास्ते को कथित अतिक्रमणकारी डॉ. सहगल से मुक्त करवाएं।



### अतिक्रमणकारी दिखा रहा धौंस

बोडखी निवासी चक्रधारी हारोड़े ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि उनके द्वारा वर्ष 1992-93 में बोड़खी में एक प्लॉट खरीदा गया था जिसका रकबा नंबर 525/1 में से 0.065 आरे जमीन खरीदी गई थी। जिसमें विक्रेता द्वारा मेरी रजिस्ट्री में उसे जमीन के दो तरफ पूर्व में तथा पश्चिम में रास्ता होना बताया गया था। राजस्व अधिकारी एवं पटवारी से रजिस्ट्री के समय नक्शा भी कटवाया गया था, जिसमें इन दोनों रास्तों का स्पष्ट उल्लेख अंकित है। बावजूद इसके अतिक्रमणकारी डॉ. ऋषि सहगल द्वारा मेरी जमीन के रास्ते पर जबरन धौंस देकर अतिक्रमण कर लिया गया है तथा मुझसे कहा जा रहा है, जहां जाना हो, वहां चले जाओ। श्री हारोड़े का कहना है कि विवादित भू-माफिया डॉ. सहगल की शिकायतें तहसील मुख्यालय से जिला मुख्यालय तक पहले भी कई बार हो चुकी है, लेकिन उनके रसूख और ऊपरी सेटिंग के चलते शिकायत पर जांच होने के बजाय मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है, ऐसा प्रतीत होता है।

### प्रशासन के लचर रवैये से शिकायतकर्ताओं की नहीं हो रही सुनवाई

#### भू-माफिया के खिलाफ एक सप्ताह में ही दो मामले आए सामने




आमला क्षेत्र के कथित भू-माफिया डॉ. ऋषि सहगल के खिलाफ पिछले लगभग 15 से 20 दिनों में ही दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा जबरन कब्जा करने तथा प्रशासनिक अफसरों से पहचान होने की धौंस देकर दबंगई करने का यह दूसरा मामला है, जिसकी जनसुनवाई में शिकायत प्राप्त हुई है। अभी कुछ दिन पूर्व ही बोडख़ी क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत शिक्षक आधारसिंह सोलंकी द्वारा भी जनसुनवाई में शिकायत देकर डॉ. ऋषि सहगल द्वारा उनके हिस्से की जमीन पर जबरन धौंस देकर अतिक्रमण करने की शिकायत की गई थी जिसमें उन्होंने डॉ. सहगल पर बिंदुवार आरोप लगाए थे तथा जांच करवाकर उचित कार्रवाई करने की गुहार प्रशासन से लगाई थी। शिकायतकर्ताओं की मानें, तो ऐसा प्रतीत होता है कि कथित अतिक्रमणकारी डॉक्टर की मनमर्जी के आगे प्रशासन भी नतमस्तक होता प्रतीत हो रहा है।

#### कार्रवाई करेंगे

डॉक्टर ऋषि सहगल के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुई है, प्रशासन द्वारा आर. आई. एवं पटवारी को मौके पर भेजकर सही वस्तु स्थिति का पता लगाकर उचित कार्रवाई की जाएगी। यदि नियम विरुद्ध अतिक्रमण किया गया है तो अतिक्रमणकारी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**पूनम साहू,**
**तहसीलदार आमला**

## लड़के के साथ की मारपीट, अस्पताल में भर्ती

# प्रेम विवाह के बाद लड़की के घरवालों ने किया अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

प्यार करने पर युवक युवती को घर वालों ने खौफनाक सजा दी। प्रेम विवाह होने के बाद लडक़ी के परिजनों ने दोनों का अपहरण किया और लड़के के साथ जमकर मारपीट की। खून से लथपथ घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया हैं। जबकि युवती को भी परिजनों के चंगुल से छुड़ाकर जिला अस्पताल लाया गया हैं। युवती का कहना हैं कि पुलिस समय पर आकर नहीं बचाती तो घरवाले दोनों की हत्या कर देते।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के वैष्णवी नगर गौठाना में किराए से रहने वाले युवक ने किला खंडारा निवासी युवती से प्रेम विवाह किया था। दोनों साथ में यही रह रहे थे। बताया गया कि मंगलवार रात में युवती के परिजन उनके किराए के मकान पर पहुंचे और दोनों का अपहरण कर किला खंडारा के गए।

### पुलिस को सुनाई अलग कहानी

इस मामले की सूचना पुलिस को मिलने पर वह खंडारा पहुंची। पुलिस के आने की जानकारी मिलने पर युवती के परिजन युवक को जिला अस्पताल में घायल अवस्था में लेकर आए। अज्ञात होने के हवाला देकर उसको वहां भर्ती किया गया और बताया कि युवक घायल अवस्था में कॉलेज के पास पड़ा था। पुलिस को सूचना मिलने पर वह जिला अस्पताल पहुंची तो लडक़ी के पिता और मामा को गिरफ्तार किया गया. इसके बाद पुलिस ने घायल युवती को भी खंडारा किला जाकर दस्तयाब किया. युवती को भी जिला अस्पताल में मेडिकल के बाद भर्ती किया गया हैं।

### पुलिस नहीं आती तो हत्या कर देते

युवती ने जिला अस्पताल में पुलिस को बताया कि दोनों में प्रेम विवाह किया था। घरवालों को ये बात मंजूर नहीं थी, गनीमत रही कि पुलिस सही समय पर पहुंच गई और उनको बचा लिया नहीं तो घरवाले उनकी हत्या कर देते।

## नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**बैतूल।** नगरपालिका बैतूल की अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर एवं सब इंजिनियर नागेन्द वागद्रे ने आगामी गर्मी जल सकट की समस्या को लेकर लाखपुर डेम पर पहुंचकर निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष कर्मचारियों को आदेशित किया कि नगर में किसी भी प्रकार की पानी की समस्या न हो इसका पुरा ध्यान रखा जाए।


## अधिकारियों ने चेताया- हटाओ नहीं तो हम हटाएंगे

# नालों पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन हुआ गंभीर




**मुलताई।** मुलताई नगर में अतिक्रमण में हटा रूप से बढ़ रहा है और अतिक्रमणकारियों ने अनेक संवेदनशील स्थानों पर भी अतिक्रमण कर लिया है किंतु अब इन अवैध अतिक्रमणकारियों को लेकर प्रशासन भी दिखाई दे रहा है हाल ही में नगर के पारेगांव रोड पर स्थित नाले पर अतिक्रमण क्रमण कर पाक का निर्माण किए जाने का मामला सामने आया जिसकी शिकायत मंगलवार जनसुनवाई में गई थी। जिसके बाद एसडीएम तृप्ति पटैरया द्वारा तत्काल कार्यवाही के लिए निर्देश दिए जिस पर बुधवार नायब तहसीलदार भगवानदास कुमारे और जी आर देशमुख राजस्व और नगर पालिका अमले के साथ मौके पर पहुंचे। जहा पटवारी द्वारा नाले की नपाई की गई। जिसमे नाले के किनारे खेत मालिक द्वारा करीब 10 फुट से लेकर 15 फुट तक अतिक्रमण कर पक्की मेड बना ली गई है। जिससे की नाले का बहाव भी प्रभावित हो रहा है। राजस्व और नपा अमले द्वारा पूरे नाले की नपाई की गई, जिसके बाद खेत मालिक को स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है। यदि वह स्वयं अपना अतिक्रमण नहीं हटाता है तो प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही में व्यय होने वाली राशि का भार भी उन्हें ही उठाना पड़ेगा।

# श्री बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ कल्चरल फेस्ट का आगाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज बैतूल में प्रति वर्षानुसार छात्र-छात्राओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आगाज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं मुख्य अतिथि का स्वागत कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज बैतूल के प्राचार्य डॉ.अरुण सिंह भदोरिया थे। कल्चरल फेस्ट में कॉलेज के छात्र-छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रम जैसे रैंप वाक, ग्रुप डांस, सिंगिंग और ड्रामा की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर चार हाउस में आयोजित खेल प्रतियोगिता में लगातार दूसरे वर्ष भी प्रथम स्थान सीवी रमन हाउस ने प्राप्त किया। रनरअप एपीजे. कलाम हाउस रहा उनको ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कल्चरल फेस्ट में मिस्टर एसबीआई एटीएम चरण मीणा (सीएसई) और मिस एस.बी.आई. एटी.एम कोमल वर्मा (सीएसई) का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

# बैतूल में बाइक और मोटर पंप चोरी पुलिस ने 4 आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



बाइक और मोटर पंप चोरी, पुलिस ने 4 आरोपी को किया गिरफ्तार, बैतूल बाजार और चोपना पुलिस ने बाइक और सिंचाई पम्प चोरियों के मामलों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से ढाई लाख की बाइक और मोटर पंप बरामद किए गए हैं। करीबी थाना बैतूल बाजार के तहत लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सर्चिंग अभियान और संदेही आरोपियो की चैकिंग की जा रही है। थाना बैतूल बाजार में विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसमे टी आई बबीता धुर्वे, सब इंस्पेक्टर जुगलकिशोर, प्रकाश, योगेश, विशाल, मुकेश, सुभाष को शामिल किया गया था। सोमवार 11 मार्च को डूंडा बोरगांव थाना कोतवाली क्षेत्र में फरियादी अमरचंद पिता बाबूलाल यादव, बडोरा निवासी रवि पिता गुलाब साहू नि. बडोरा तथा हिवरखेडी से तीन बाइक चोरी होने की जानकारी मिली थी। टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये द्य राना पिता सम्मूलाल धुर्वे नि. झाडेगांव, राजू पिता संतलाल ओझा नि. झाडेगांव से सख्ती से पूछताछ कर दो लाख रु कीमत की तीन बाइक बरामद की।

### 5 चोर गिरफ्तार

11 मार्च को फरियादी प्रभाष पिता अनिल मंडल निवासी हिलपटा ने रिपोर्ट किया कि उसने भाई से मांगकर पानी को मोटर लाया था। 6 मार्च को यह मोटर भडनगा नदी मे लगाई गई थी। 9 तारीख तक उन्होंने इससे सिंचाई भी की, 11 तारीख को जब वह खेत पहुंचे तो मोटर गायब थी, ऐसी ही रिपोर्ट चिखलपाटी के सुरेश हालदार ने भी की थी।

# नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

नाबालिक बेटी स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी जो घर वापस नहीं आई। पुलिस द्वारा प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना मोहदा में 15 फरवरी को अपराध क्रमांक 34/24 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया एवं बालिका की खोज आरंभ की गई, 18 फरवरी को नाबालिक बालिका के मिलने पर महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष बालिका के कथन कराए गए। जिसने बताया कि उसके स्कूल में पढ़ाने वाले अतिथि शिक्षक कार्तिक राठौड़ निवासी आदर्श धनौरा चौकी भीमपुर ने उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था एवं उसके साथ गलत काम किया है। जिसके बाद प्रकरण में एससीएसटी एक्ट एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं का इजाफा किया गया एवं आरोपी कार्तिक पिता गजेंद्र सिंह राठौड़ उम्र 22 साल निवासी आदर्श धनौरा चौकी भीमपुर की तलाश शुरू की गई जो की घटना दिनांक से ही फरार हो गया था जिसे संभावित स्थानों में तलाश किया गया एवं तकनीकी साक्ष्यो को भी एकत्रित किया गया।

आरोपी लगातार फरार होने से समाज में आरोपी के प्रति रोष होने एवं प्रकरण गंभीर प्रकृति का होने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक के द्वारा आरोपी पर 5000 रुपए इनाम की घोषणा की गई। जिससे आरोपी का जल्द पता लगाया जा सके। कड़ी मेहनत के बाद अंततः 12 मार्च को आरोपी कार्तिक राठौड़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया जिसे विधिवत कार्यवाही के उपरांत दिनांक 13 मार्च को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# 50 सीटर बालक छात्रावास भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



चोपना मंडल के ग्राम निश्चितपुर में 11 मार्च को 50 सीटर बालक छात्रावास भवन का लोकार्पण घोड़ाडोंगरी विधनसभा की विधायक गंगा सज्जन सिंह ऊईके ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा यह भवन शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्रों को उच्चतर शिक्षा के लिए उत्साहित करेगा। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास के लिए एक नई परियोजना की शुरुआत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अद्भुत प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर भाजपा के ज्येष्ठ, श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सीमा तपन विश्वास, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष विजय पाल, मंडल उपाध्यक्ष एस बापी बैन, मंडल महामंत्री सुरेश सेन, मंडल मंत्री तपन मंडल, मंडल मंत्री एवं सरपंच अध्यक्ष सहनवती कवड़े, जनपद सदस्य एवं जनपद विधायक प्रतिनिधि प्रदीप विश्वास, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्मिता मंडल, बूथ अध्यक्ष तपन गाछा, ग्राम अध्यक्ष श्याम मंडल, वरिष्ठ कार्यकर्ता सहदेव राय, चैतन्य राय, रामकृष्ण सरकार, देवदुति बैरागी सहित निश्चितपुर के ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में घायल हुआ व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

बीती रात पारेगांव रोड पर स्थित संकरी अंधेरी पुलिया पर फिर दुर्घटना का मामला सामने आया है राय आमला निवासी एक व्यक्ति सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सजासेवियो द्वारा तत्काल एक निजी एंबुलेंस के माध्यम से सरकार अस्पताल पहुंचाया गया। पारेगांव रोड निवासी अभिषेक सोनी और सचिन साबले ने बताया की पारेगाँव रोड पर स्थित नाले की पुलिया सकरी होने और यहां पर अधेंरा होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते है। उन्होंने बताया की बीती रात भी बाइक सवार रायआमला निवासी पुरुषोत्तम नामदेव माकोड़े दुर्घटना का शिकार हो गए और गिरकर घायल हो गए उनके सर में गंभीर रूप से चोट आई जिसे तत्काल एक निजी एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

# अटल सेना की बैठक संपन्न आज सौंपेंगे ज्ञापन



**बैतूल।** अटल सेन के तत्वावधान में बुधवार को अंशकालीन कर्मचारियों की बैठक संपन्न हुई। संगठन के प्रांताध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान (केन्डु बाबा)ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार आज 13 मार्च, गुरूवार को दोपहर 12 बजे कलेक्टर एवं आदिम जाति कल्याण विभाग अधिकारी को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में कर्मचारियों की लंबित मांगों जैसे समय पर वेतन, वेतन वद्धि, ड्रेस कोड, फायर बीमा आदि का उल्लेख किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से चन्द्रकला आरसे, विमला पंवार, सुशील मोरले, संगीता बारसे, बरखा धुर्वे, बबली घोरसे, कृष्ण कुमार धुर्वे, रामलाल उइके, शोभा उईके, शोभा उईके, सविता मरकाम, रानी धुर्वे, द्वारका झरबड़े, बसंती उईके, वंदना धुर्वे, संगीता वट्टी, सीता नाईक, अनिता धुर्वे, चम्पा वट्टी, सुनीता कास्दे, शांति उइके, सुगरती कुमरे, वंदना परधे, सविता गोहे, रामभाऊ झरले, शिवरती हारोड़े, भागरती दहीकर, मीना ठाकुर, राधा धुर्वे आदि मौजूद थे। केन्डु बाबा ने सभी अंशकालीन कर्मचारियों से दोपहर 12 बजे स्टेडियम शिवाजी चौक शहीद भवन के पास पहुंचने की अपील की है।

## विधायक देशमुख की पहल लाई रंग, 572.91 लाख की लागत से बनेगा बांध

# रिधोरा सिरकुंड लघु सिंचाई योजना का वर्क आर्डर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

विधायक चंद्रशेखर देशमुख के प्रयासों से लंबे समय से लंबित क्षेत्र की महत्वाकांक्षी लघु सिंचाई परियोजना रिधोरा सीरकुंड की स्वीकृति के बाद जल संसाधन विभाग मुलताई संभाग ने ठेकेदार शिव ड्रिलिंग कंस्ट्रक्शन छिंदवाड़ा को वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है ।

इस योजना से रिधोरा, छिंदी, सेंद्रेया,सिरकुंड सहीत चार से अधिक ग्रामों के किसानों को लाभ मिलेगा 1285 एकड़ में सिंचाई हो सकेगी।भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र रघुवंशी ने मुलताई विधानसभा के विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा मुलताई क्षेत्र किसान समृद्ध हो सके और क्षेत्र का सिंचाई रकबा बढ़ सके इसके लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।



विधायक चंद्रशेखर देशमुख के प्रयासों से सिंचाई के क्षेत्र में एक महत्वाकांक्षी योजना रिधोरा सिरकुंड लघु सिंचाई योजना की प्रशासकीय स्वीकृति रुपए 1209.96 लाख मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त हुई हैं। जिससे मुलताई विकासखंड के तीन गांव रिधोरा, छिंदी,सेंद्रेया और आमला विकासखंड का एक गांव सिरकुंड (बस्ती नहीं है) को लाभ मिलेगा। उक्त क्षेत्र के किसानों की कृषि क्षेत्र में सिंचाई के लिए जल न उपलब्ध होने से संबंधित समस्या से जल संसाधन विभाग मुलताई को अवगत कराया था। जल संसाधन विभाग मुलताई से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार इस महत्वाकांक्षी योजना से कुल 520 हेक्टेयर यानी 1285 एकड़ में सिंचाई के लिए पानी एकत्रित होगा। इस योजना की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होकर निर्माण एजेंसी का निर्धारण हो चुका हैं। निर्माण एजेंसी को 15 महीने के भीतर बांध कार्य पूर्ण करने के आदेश कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग मुलताई द्वारा दिया जा चुका हैं। इस योजना के निर्माण कार्य का अनुबंध 12/03/2024 को हो चुका हैं। अनुबंध राशि रुपए 572.91 लाख हैं।

### जारी कर दिया है

रिधोरा सिरकुंड लघु सिंचाई योजना के निर्माण का वर्क आर्डर छिंदवाड़ा के ठेकेदार को जारी कर दिया गया है निर्माण अवधि 15 माह होगी।

**सी एल मरकाम एसडीओ**
**जल संसाधन विभाग मुलताई**

### बांध के डूब क्षेत्र में सेंद्रेया मोरखा रोड

डूब में प्रभावित होने के कारण उक्त क्षेत्र में पुलिया एवं सड़क का भी निर्माण कार्य टेंडर में शामिल हैं। उक्त बांध निर्माण हेतु भू अर्जन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं। जिसमें ग्राम रिधोरा, सेंद्रेया, छिंदी, सिरकुंड की जमीन डूब में प्रभावित होगी। डूब से प्रभावित जमीन के लिए मुआवजा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं। मुआवजा राशि वर्तमान प्रचलित कलेक्टर गाइडलाइन पर 2 गुना प्रदान की जाएगी। डूब क्षेत्र का रकबा ग्राम रिधोरा का 26.380 हेक्टेयर, ग्राम सिरकुंड का 26.380 हेक्टेयर, ग्राम सेंद्रेया का 16.92 हेक्टेयर और ग्राम छिंदी का 17.88 हेक्टेयर हैं। इस प्रकार कुल 87.56 हेक्टेयर का रकबा डूब क्षेत्र में आने की संभावना हैं।

एलटीटी-बनारस के मध्य भी चलेगी साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन

# होली के लिए रेलवे उत्तरप्रदेश के यात्रियों के लिए इटारसी होकर चलाएगा ट्रेनें

होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए जाने वाले यात्रियों की सुविधाओं के लिए मार्ग निर्धारित किया है। निर्धारित रेल उत्तर प्रदेश के यात्रियों के लिए इटारसी से होकर गुजरेगी। जिससे यूपी आने जाने वाले रेल यात्रियों को सुविधा मिल सकेगी। नागरिकों ने रेल विभाग द्वारा दी जा रही सुविधा के लिए आभार व्यक्त किया है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

होली त्योहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01045/01046 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-प्रयागराज जंक्शन-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य 04-04 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चल रही है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गन्तव्य को जाएगी। 01045 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को 12,19, 26 मार्च एवं 02 अप्रैल 2024 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन बुधवार को इटारसी मध्य रात्रि 00:20 बजे और 11 बजे प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 01054 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को 13, 20, 27 मार्च एवं 03 अप्रैल 2024 को प्रयागराज जंक्शन स्टेशन से सायं 18 बजे प्रस्थान कर अगले दिन गुरुवार को इटारसी 04:00 बजे और सायं 16:05 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी। कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 03 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 15 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 01 पेंट्रीकार एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 22 एलएचबी कोच रहेंगे। गाड़ी के हाल्ट- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना एवं मानिकपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

## एलटीटी-बनारस के मध्य साप्ताहिक होली स्पेशल

01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य 03-03 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गन्तव्य को जाएगी। 01053 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को 13, 20 एवं 27 मार्च 2024 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन गुरुवार को इटारसी मध्य रात्रि 00:20 बजे और 16:05 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी। 01054 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरूवार को 14, 21 एवं 28 मार्च 2024 को बनारस स्टेशन से 20:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन शुक्रवार को इटारसी 10:10 बजे और रात 23:55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी। कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 09 वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी श्रेणी, 03 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 20 एलएचबी कोच रहेंगे। गाड़ी के हाल्ट- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज जंक्शन एवं वाराणसी स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

## दानापुर-रानी कमलापति का गाड़ी नंबर बदला

रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ी संचालन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व में घोषित गाड़ी संख्या 01664 दानापुर-रानी कमलापति होली स्पेशल ट्रेन का नंबर परिवर्तित करते हुए 01662 कर दिया है। यह गाड़ी पूर्व अधिसूचना के अनुसार ही 19,24 एवं 28 मार्च 2024 को दानापुर स्टेशन से 11.45 बजे प्रस्थान कर रास्ते के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन 07.10 बजे इटारसी, 07.53 बजे नर्मदापुरम एवं 09.50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

# हर्षोल्लास से लगेगा भीलटबाबा मेला तैयारियों के लिए बैठक आयोजित

22 अप्रैल से शुरू होगा सांस्कृतिक सद्भाव का मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

जनपद पंचायत की वार्षिक बैठक का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया गया। गौरतलब है कि आगामी समय में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लग सकती है, ऐसे में आचार संहिता के पहले जनपद पंचायत के निर्माण कार्यो सहित अन्य कार्यो को लेकर मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। साथ ही आचार संहिता के दौरान आयोजनों के बारे में चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी गई। इस दौरान भीलटबाबा मेले का आयोजन भी होना है, जिसको लेकर भी आचार संहिता के पालन की जानकारी सभी को दी गई।

## भीलटबाबा मेले के दौरान रहेगी आचार संहिता

आगामी समय में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगना है, संभावतः भीलटबाबा मेले का



**इन मुद्दों पर हुई बैठक में चर्चा**

- विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यो पर चर्चा
- भीलटदेव बाबा मेला 2024 का आयोजन
- जनपद पंचायत के आय व्यय का अनुमोदन
- जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यो पर चर्चा

आयोजन आचार संहिता के दौरान ही होना है।

इसको लेकर भी जनपद पंचायत की बैठक में चर्चा की गई। जनपद पंचायत सीईओ श्रुति चौधरी ने बताया कि अगर मेले के पहले आचार संहिता लग जाती है तो मेले में ध्वज चढ़ाने के कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी और समाजिक लोग शामिल होगें। आचार संहिता के चलते राजनैतिक दलों से जुड़े लोग इसमें शामिल नहीं हो पाएगें।

## 22 अप्रैल से शुरू होगा भीलटबाबा मेला

सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रसिद्ध देव स्थल भीलटदेव में मेले का आयोजन हर वर्ष जनपद पंचायत सिवनी मालवा द्वारा किया जाता है। इस वर्ष यह मेला चैत्र शुक्ल त्रयोदशी 22अप्रैल 2024 से प्रारम्भ होकर वैशाख कृष्ण पक्षीय दशमी तक चलेगा। यहां पर भीलटदेव का मंदिर भी बना है। जहां दर्शन के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं। भीलटबाबा को कुछ लोग नाग अवतार तो कई योगी संत का अवतार मानते है यहीं नहीं भारत वर्ष में कहीं भी रहने वाले हरिजन, आदिवासी, गौंड, कोरकू समाज के लोग भीलटदेव को खूब मानते हैं।

## देनवा नदी के रपटे का किया भूमि पूजन

**पचमढ़ी।** भाजपा मंडल पचमढ़ी के ग्राम नांदिया और चुरनी के ग्रामवासियों की माँग पर देनवा नदी के रपटे पर 60.66 लाख की लागत के पुल का भूमिपूजन हुआ। विधायक ठाकुरदास नागवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष पवन झा के प्रयासों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा मंडल पचमढ़ी के महामंत्री संजय माहोरिया, पूर्व छावनी उपाध्यक्ष महेश कनोजिया, आईटी सेल संयोजक सत्येंद्र जायसवाल, वार्ड नंबर 3 के बूथ अध्यक्ष सुनील खटीक, भाजपा मंडल पचमढ़ी के उपाध्यक्ष भगवान दास साहू आदि अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे इस भूमि पूजन के साथ आज से नांदिया बूथ से ही विधायक एवं मंडल अध्यक्ष ने मिलकर बूथ विजय अभियान की शुरुआत की विधायक जी ने ग्राम वासियों की समस्याएं सुनी तथा संबंधी विभागों को उन शिकायतों को निपटारे के लिए निर्देश दिए।

## साल का पहला चंद्रग्रहण 25 मार्च को

**नर्मदापुरम।** इस वर्ष का पहला चंद्रग्रहण 25 मार्च को होली के दिन लगेगा। ज्योतिष्यों के मुताबिक 100 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है कि यह चंद्रग्रहण होली के दिन पड़ रहा है। हालांकि चंद्रगहण भारत में नहीं दिखेगा। पं. विजय परसाई ने बताया कि चंद्रग्रहण 25 मार्च को सुबह 10 बजकर 23 मिनट से दोपहर 3 बजकर 2 मिनट तक रहेगा। यह कन्या राशि में लगने वाला पहला चंद्रग्रहण होगा।

# शमशान घाट समिति ने वनमंडल से मांगी नीलामी वाली नई जलाऊ लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शांति धाम शमशान घाट जन भागीदारी समिति गोकुल नगर खेड़ा को वन विभाग के द्वारा जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराई जाती है। पिछले एक साल में दो बार तीन-तीन बारिश का पानी खाई हुई बिल्कुल पतली और सड़ी हुई जलाऊ लकड़ी चिता जलाने के लिए दी गई। एक ट्रक में बीस फड़ी जलाऊ लकड़ी आती है जिसका वजन सौ कुंटल से ऊपर होना चाहिए। परंतु जो सूखी, सड़ी और पानी खाई लकड़ी दी गई उसका बीस फड़ी में वजन 60 और 65 कुंटल निकला। जिसके कारण शांति धाम समिति को भारी नुकसान हुआ। शांतिधाम समिति ने वन मंडल अधिकारी से अनुरोध किया है कि उनको जलाऊ लकड़ी जो पिछले वर्ष और इस वर्ष की कटी हुई है और उसे नीलामी में रख दिया गया है। उसमें से लकड़ी दी जाए, वन मंडल नर्मदा पुरम ने पिछले वर्ष एवं इस वर्ष की कटी हुई जलाऊ लकड़ी नीलामी में रख दी है। जिसके कारण अच्छी लकड़ी चिता जलाने को नहीं मिलेगी और नागरिकों को इसी माह से परेशानी उठानी पड़ेगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, वन मंत्री एवं मुख्य वन संरक्षक से अनुरोध है इस मामले में तत्काल संज्ञान लें एवं जलाऊ लकड़ी जो नीलामी में रखी है उसको



नीलामी से हटाएं एवं जलाऊ लकड़ी शमशान घाट को दें, जिससे चिता जल सके। पिछले वर्ष की 40 फड़ी में से अधिकांश लकड़ी जमा है। जिसे चिता जलाने के लिए लोग नहीं खरीदते हैं। क्योंकि वह सड़ी हुई पानी खाई एवं पतली लकड़ी है। जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था करना वन विभाग का दायित्व है, लेकिन रुपए कमाने के लिए जलाऊ लकड़ी को नीलामी में रख दिया गया है, जबकि सबसे पहले शमशान घाट की व्यवस्था करना चाहिए। शांति धाम शमशान घाट जन भागीदारी समिति के कार्यकारी सदस्य प्रमोद पगारे ने कलेक्टर को इस मामले में वन मंडल को निर्देश देना चाहिए एवं वन मंडल अधिकारी को भी वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देना चाहिए ऐसी लकड़ी शमशान घाट को दें जिससे चिता जल सके।

# आप को बड़ा झटका, प्रदेश प्रवक्ता सुनील गौर भाजपा में शामिल

भाजपा में हुए शामिल 100 से अधिक आप पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

लोकसभा चुनावों के पहले सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लग गया है। विधानसभा चुनाव 2023 में सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक प्रत्याशी रहे सुनील गौर ने सांसद प्रत्याशी व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शनसिंह चौधरी की उपस्थिति में भाजपा का दामन थाम लिया। सुनील गौर का कहना है कि मित्र धर्म निभाते हुए भाजपा में शामिल हुआ हूँ। दर्शनसिंह चौधरी भारतीय किसान संघ में संघर्ष के साथी रहे है, मित्र रण में है तो मित्र धर्म निभाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचार धारा से प्रभावित होकर लगभग 100 जिला व ब्लॉक



स्तर के पदाधिकारी भाजपा में शामिल हुए है और आगामी दिनों में 1 हजार से अधिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल होगें।

## 13 साल साथ किसान संघ में काम किया

आम आदमी के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक प्रत्याशी सुनील गौर और दर्शनसिंह चौधरी ने वर्ष 2004 से 2017 तक लगभग 13 वर्षो तक भारतीय किसान संघ में साथ काम किया है। इस दौरान दर्शनसिंह चौधरी प्रदेश संगठन मंत्री थे और सुनील गौर जिला संगठन मंत्री थे।

## इन्होंने ली भाजपा की सदस्यता

सुनील गौर, विधायक प्रत्याशी व प्रदेश प्रवक्ता, आम आदमी पार्टी भगवान जमींदार, ब्लॉक अध्यक्ष सिवनी मालवा, आम आदमी पार्टी जगदीश लौवंशी, जिला संयुक्त सचिव, आम आदमी पार्टी, बलवंत सिंह राजपूत, किसान विंग जिला अध्यक्ष, आम आदमी पार्टी, विनोद रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी, नीरज हनोतिया, युवा विंग जिला उपाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी शामिल हुए।

# महिला दिवस पर कॉलेज में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें विशेष अतिथि के रूप में शैली वर्मा उपस्थित रही कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन कर किया गया अतिथियों का स्वागत किया गया। कॉलेज के प्रचार डॉ राकेश वर्मा के द्वारा अपने उद्बोधन में समस्त महिला अधिकारी कर्मचारियों के स्वागत के पश्चात बताया गया कि महिला ही भारत की वह खान है जिससे आज भारत की शान है और उपस्थित डॉक्टर के द्वारा भी अनेकों प्रकार की सलाह दी गई नागपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला वाला और बेचारी नहीं है महिला को आत्मनिर्भर बनने के लिए लिए बात कही। इस अवसर पर आवास साहू संजना साहू मनोज ने भी अपने विचार व्यक्त किया मुख्य रूप से पार्षद कौशल्या ठाकुर मृदुलता पालीवाल के अलावा प्राध्यापक कैसे के मेहरा डॉक्टर राज पटेल अंबिका सिंह सुनील कुमार राकेश कुमार दिलावरी अनीता सेन सहित तमाम लोगों उपस्थित रहे और विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक किटी मोर के द्वारा किया गया।

## उर्जा सचिव को विद्युत श्रमिकों की समस्याओं का मांगपत्र सौंपा गया



**इटारसी।** बुधवार को मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ एवं अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ का प्रतिनिधिमंडल उर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव से मिला और विद्युत श्रमिक समस्याओं का मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक शुक्ला, संगठन मंत्री राजेश जैन, मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश नागर, पारेषण के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं पारेषण के महामंत्री राजेश जैन के नेतृत्व में आज वल्लभ भवन में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव से मिलकर विद्युत श्रमिक समस्याओं का मांग पत्र प्रस्तुत किया। इन मांगों को रखा गया मांगपत्र में चतुर्थ वेतनमान, संविदा नीति, महंगाई भत्ता आउटसोर्स कर्मचारियों के संबंध में नीति एवं वेतन विसंगति आदि मांगों से अवगत कराया। अपर मुख्य सचिव ने सभी बातों को सुना और आश्वासन दिया कि शीघ्र ही शासन एवं संगठन के साथ प्रदेश स्तर पर द्विपक्षीय वार्ता बुलाकर सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वार्ता सकारात्मक रही, चतुर्थ वेतनमान के संबंध में भी सकारात्मक संकेत प्राप्त हुए हैं।

## लोकसभा चुनाव से पहले तैयारियां तेज, पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च



**सिवनीमालवा।** लोकसभा चुनावों को देखते हुए सिवनी मालवा में तैयारियां तेज हो गई। बुधवार शाम को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहरीय क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं। मंगलवार शाम को फ्लेग मार्च एसडीओपी कार्यालय से प्रारंभ किया गया, जो नगर पालिका कार्यालय, जयस्तंभ चौक गांधी चौक, जेल रोड, पाठक चौक, राधावल्लभ मंदिर, गायत्री मंदिर, छोटी मस्जिद, राही चौक, सांई चौक, रेंज ऑफिस चौक, सरकारी अस्पताल, कल्लू चौक, शीतला माता मंदिर, देवल मोहल्ला, ठाकुर मोहल्ला, जगदीश मंदिर, मस्जिद मोहल्ला, पुराना बस स्टेंड होते हुए थाना सिवनी मालवा पहुंचा। आमजन को चुनाव के प्रति विश्वास दिलाने का प्रयास करते हुए असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी गई। फ्लैग मार्च में एसडीओपी राजू रजक, थाना प्रभारी सिवनी मालवा सज्जनसिंह मुकाती, थाना प्रभारी शिवपुर विवेक यादव, थाना प्रभारी डोलरिया खुमानसिंह ने पुलिस और पैरामिमिलिट्री फोर्स के साथ शामिल रहे। फ्लेग मार्च में अनुविभाग के सिवनी मालवा, डोलरिया और शिवपुर का पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## तेलंगाना बोर्ड के अध्यक्ष का किया गया स्वागत



**पिपरिया।** स्वर्गीय भागीरथ साहू की स्मृति में साहू समाज के द्वारा पौधारोपण करते हुए रेस्ट हाउस में तेलघाना बोर्ड के अध्यक्ष रवि शंकर साहू का साहू समाज के द्वारा रेस्ट हाउस पेरिस में स्वागत सम्मान किया गया तथा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भयंकर 5 अप्रैल को कर्मा जयंती पर भी आमंत्रित किया है तथा उनके द्वारा सांवरी यात्रा निकाली जा रही है। सभी समाजों का मिलकर इसके स्वागत करना है। वहीं उन्होंने भागीरथ साहू की स्मृति में पौधारोपण कर शोक व्यक्त किया सामाजिक लोगों के द्वारा अनेक जगह पर उनका स्वागत सम्मान किया गया इस दौरान संतोष साहू अवधेश साहू साहू इंडियन गैस एजेंसी एवं अंतराम साहू संदीप साहू गुलाब साहू अशोक साहू सत्यम साहू मोहित साहू सहित अनेक समाज लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा लोकसभा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी ने किया जनसंपर्क

**सेमरी हरचंद।** लोकसभा चुनाव 2024 का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है भारतीय जनता पार्टी एक्टिव मोड में नजर आने लगी है भारतीय जनता पार्टी ने सभी 543 सीटों पर लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है और भाजपा संगठन के कार्यकर्ता भी चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजय पाल सिंह होशंगाबाद की पूर्व विधायक सविता दीवान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल महिला मोर्चे जिले की कार्यकारिणी जिला उपाध्यक्ष सुरेश भाई साहब एवं जिले के अनेक पदाधिकारियो के साथ नगर में प्रथम आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया लोकसभा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं एक किसान का बेटा साधारण कार्यकर्ता था धन और सुख सुविधा के अभाव में पला बढ़ा भाजपा संगठन और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे लोकसभा चुनाव में सांसद प्रत्याशी के रूप में टिकट दिया है मैं आपके बीच हमेशा एक साधारण कार्यकर्ता की हैसियत से रहा हू और आज भी साधारण कार्यकर्ता ही हूं इसलिए मेरा चुनाव भी आप ही लड़े और देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर भारत को विश्व गुरु बनने के मार्ग को प्रशस्त करें इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित सेमरी हरचंद मंडल के अध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी महामंत्री राघव पटेल मंगेश महेश्वरी सरपंच चेतन मीना नगर अध्यक्ष राजू ठेकेदार जिला कार्यकारिणी सदस्य दिनेश नामदेव राधेश्याम सोनी बी एम मीना घनश्याम यादव गोविंद पटेल और नरेंद्र कुशवाहा भावेश दुबे रिंकू सोनी धनीराम मौर्य साहब सिंह पटेल संजय पुरोहित मनमोहन अग्रवाल शिवकुमार खंडेलवाल कल्लू राजपूत शक्ति सिंह भदोरिया कल्लू कुशवाह लखन मीना राकेश सेन हर्ष मझीवाल समेत अनेक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तथा नगर वासी कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

प्राचार्य मेहता को सौंपा गया राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वज

# दमदम में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना का आवासीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी, नर्मदापुरम का राष्ट्रीय सेवा योजना (बालक इकाई) सात दिवसीय अवासीय कैंप ग्राम दमदम में आयोजित किया जा रहा है। कैंप के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. डीएस खत्री द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य राकेश मेहता को राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वज सौंपा। डॉ. मेहता ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष अहिरवार को, डॉ. अहिरवार ने दलनायक विजय बकोरिया को राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वज सौंपा। इसके उपरांत राष्ट्रीय गान गाकर ध्वज को सलामी दी गई। उद्घाटन समारोह में कैंप के स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ. डीएस खत्री, प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता, वरिष्ठ प्राध्यापक व्हीके कृष्णा, क्रीड़ा अधिकारी संजीव कैथवास, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार अहिरवार, डॉ. आशुतोष मालवीय, डॉ. मनीष कुमार चौरे, डॉ. दुर्गेश लसगरिया, श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर, श्रीमती कीर्ति वाला, केएल चौरे, धनराज चौरे, अनिल चौरे एवं ग्राम के गणमान्य जनों को एनएसएस बैच लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला संघठक डॉ. डीएस खत्री द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल ध्येय निस्वार्थ भाव से सेवा समर्पण और देश के युवाओं को स्वामी विवेकानंद की विचारों पर चलने का आह्नान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने कैंप में आये हुए स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरी सेवा भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करने एवं देश के विकास में एक अच्छे नागरिक बनकर अपनी भूमिका तय करने की बात कही। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने ग्राम पंचायत दमदम में जागरूकता रैली के माध्यम से जन जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार अहिरवार द्वारा 7 दिवसीय कैंप की विस्तृत कार्य योजना में स्वच्छता, पर्यावरण जागरूकता, ग्राम दमदम में विभिन्न सर्वे, नशा मुक्ति रैली जैसी गतिविधियों और कार्य योजना से अवगत कराया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## कॉलेज में सेमी कंडक्टर परियोजनाओं का शुभारंभ

**नर्मदापुरम।** नर्मदा कॉलेज में बुधवार को मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बुधवार को सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उद्घाटन कार्यक्रम विद्यार्थियों और प्राध्यापकों द्वारा सीधा प्रसारण देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 21वीं सदी टेक्नोलॉजी ड्रिवेन बताते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक चिप के बिना उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

मेड इन इंडिया चिप भारत में डिजाइन किया गया चिप जो भारत को आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की तरफ ले जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि चिप मैन्युफैक्चरिंग सिर्फ एक इंडस्ट्री नहीं बल्कि विकास के साथ इस सेक्टर में रोजगार के नए अवसर बनने वाले हैं।

# नेत्र शिविर में 70 मरीजों का किया गया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



गुरुद्वारे में पचमढ़ी रोड पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 70 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु भोपाल भेजा गया। सहायक नेत्र चिकित्सा श्याम सोडानी ने बताया कि 125 मरीजों की जांच भोपाल के मेडिकल कॉलेज के द्वारा आए डॉक्टरों के द्वारा की गई। जिसमें मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ के नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम ने 125 मरीज का नेत्र परीक्षण किया जिसमें से 70 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। बस के माध्यम से मरीज को भोपाल भेजा गया। इस दौरान मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षनीना नवनीत नागपाल उपस्थिति रही। बताया गया कि ऑपरेशन के बाद मरीज को पिपरिया वापस लाया जावेगा सभी तरह की व्यवस्था दवाइयां जांच लेंस काला चश्मा परिवहन दवाइयां आदि निशुल्क प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### 6 साल की उम्र में रखा पहला रोजा

**रहटगांव।** सोमवार से पवित्र महीना रमजान का शुरू हो चूका है। मंगलवार को पहला रोजा पुरा हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्म के मानने वालों ने रोज़ा रखा। जिसमें बच्चों ने भी रोज़ा रखा। भीषण गर्मी के बावजूद छोटे-छोटे बच्चे भी रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। बच्चों ने भी गर्मी में रोजा रखकर खुदा को राजी करने की कोशिश की। जानकारी के मुताबिक नगर के सैयद शामिश अली पिता शाहिद अली द्वारा भी 6 साल की उम्र में पहला और रमजान का भी पहला रोजा रखा गया।

### श्रमिकों की मजदूरी में 25 प्रतिशत वृद्धि

**हरदा।** 1 अप्रैल से सभी औद्योगिक एवं असंगठित श्रमिकों को 25 प्रतिशत अधिक मजदूरी मिलेगी। सभी औद्योगिक एवं असंगठित क्षेत्र से जुड़े ट्रेंड-अनट्रेंड श्रमिकों का मेहनताना 1 अप्रैल 2024 से बढ़ जाएगा। राज्य शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 के बाद प्रदेश में पहली बार मजदूरों का मजदूरी का पुनरीक्षण किया गया है। श्रमिकों को देय प्रचलित न्यूनतम वेतन की दरों में 25 प्रतिशत की वृद्धि और जनवरी से जून 2019 के औसत अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर 1 अक्टूबर 2019 से देय परिवर्तनशील महंगाई भत्ते को न्यूनतम वेतन में जोड़कर नई न्यूनतम वेतन दरें निर्धारित की गई हैं।

### 111 युवाओं का प्राथमिक चयन हुआ

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बेरोजगार युवाओं के लिए बुधवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि रोजगार मेले में 145 युवाओं ने पंजीयन कराया था। 3 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों पर 111 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया।

### शिविर में 150 मरीजों को दिया परामर्श

**रहटगांव।** ग्राम पंचायत रहटगांव द्वारा एक निजी अस्पताल के सहयोग से एलएन पालीवाल हायर सेकंडरी स्कूल में निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 मरीजों को परामर्श दिया गया। शिविर में डॉक्टर येशाली ठाकुर, डॉक्टर सुनीत गौर, डाक्टर अंशुम राठी, डॉक्टर शैली माहेश्वरी डॉक्टर स्मिता, द्वारा मरीजों को मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान सरपंच सुमंत्रा रंगीले, बनवारी (बंटी गौर ), दीपक गौर, गजानन गौर, अरुण गौर द्वारा किया गया।

### बोर्ड प्रायोजित परीक्षा हुई संपन्न

**रहटगांव।** एक सप्ताह से संचालित हो रही बोर्ड परीक्षा का प्रायोगिक परीक्षा के साथ समापन हो गया। जानकारी के मुताबिक कक्षा 12वीं एवं 10वीं का 13 मार्च को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहटगांव में विधिवत समापन हो चुका है। बुधवार को कक्षा 12वीं में भूगोल रसायन तथा दसवीं में विज्ञान का प्रैक्टिकल था। भूगोल में वाह्य परीक्षक डीएल रामकुचे, रसायन में आनंद अग्रवाल तथा विज्ञान में विद्या जैन मौजूद रहीं। सहयोगी के रूप में संस्था के अरुण गौर, प्रवीण वर्मा, तुले के साथ समस्त कार्यालय स्टाफ मौजूद था।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री गौर आज टिमरनी आएंगी

**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर गुरुवार को हरदा आएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 14 मार्च को सुबह 11 बजे भोपाल से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे टिमरनी आएंगी तथा टिमरनी में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगी। मंत्री श्रीमती गौर दोपहर 3 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

---

भाजपा की डबल इंजन सरकार है, हम किसी को छोड़ने वाले नहीं

# सांसद ने भ्रष्ट अधिकारियों को दी चेतावनी, लूट खसोट बंद करें अन्यथा बोरिया बिस्तर बांध लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

खंडवा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने उन तथाकथित भ्रष्ट अधिकारियों को चेतावनी दी है कि इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में लूट मचाने वाले अधिकारी अपने बोरिया बांध लें। इसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्मरण कराया की देश प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार है और हम किसी को छोड़ने वाले नहीं हैं। लेकिन जो अधिकारी अपने कार्य के प्रति ईमानदार हैं तो उन्हें डरने की जरूरत नहीं है।

वह बुधवार को जनपद स्तरीय हितग्राही सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश की सरकार सभी वर्गो के विकास के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित कर रही है और उनका लाभ उन तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस शासन काल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का भी जिक्र किया और कहा कि उन्होंने स्वीकार किया था कि वे लोगों तक एक रुपया भेजते हैं लेकिन लोगों तक 15 पैसे ही पहुंचाते हैं। ऐसा भाजपा सरकार में नहीं चलेगा और इसी कारण हितग्राहीमूलक और अन्य कई योजना में सरकार सीधे ही उनके खातों में रूपया भेज रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार जरूरतमंद लोगों के लिए अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। सरकार ने किसानों, श्रमिक वर्ग, महिलाओं और अन्य जरूरतमंद लोगों के लिए कई योजनाएं लागू की है और उन्हें इसका लाभ मिल रहा है। इसलिए जो कार्य पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 60 वर्षों में नहीं किया वह कार्य भाजपा सरकार ने करके दिखाया है। उनकी पीड़ा थी कि जो देता है, उसे आशीर्वाद अवश्य देना चाहिए। क्योंकि ताली दो हाथ से ही ताली बजती है, लेकिन विधानसभा चुनाव में ऐसा नहीं हुआ। लेकिन अब लोकसभा चुनाव में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होगी ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।



### क्षेत्र में निर्माणाधीन सिंचाई योजनाओं का जिक्र किया

उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि अभी हाल ही में मौसम बिगड़ने से फसलों की जो क्षति हुई है, उसके आंकलन में कोई कोताही नहीं बरतना चाहिए। यदि किसान की 60% फसलों की क्षति हुई है तो उसे 100% मानकर मुआवजा राशि देना चाहिए। जब सरकार दे रही है तो राजस्व अधिकारियों को इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों में काम कर रही है। उन्होंने क्षेत्र में निर्माणाधीन सिंचाई योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दूर दराज के क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को दूरभाष एवं इंटरनेट की सेवाएं देने के लिए 17 टॉवर स्थापित करने का कार्य चल रहा है। जबकि 27 टॉवर की स्वीकृति हेतु कार्रवाई की गई है। वहीं रतनपुर और शिवना में विद्युत ग्रिड स्थापित किया जा रहे हैं। वहीं पहुंच विहीन क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य भी जारी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के 90 गांव में नल जल योजना का कार्य अंतिम चरण में है और कम से कम एक योजना 20 लाख रुपए या इससे अधिक की है।

---

रिजर्वेशन टिकट काउंटर के बाहर था सांप

## बड़वाह रेलवे स्टेशन पर निकला सांप, स्टाफ व यात्रियों में हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

बड़वाह रेलवे स्टेशन के टिकट खिड़की कार्यालय के पास अचानक सांप निकलने से हड़कंप मच गया। इस दौरान रेलवे कर्मचारी सचिन कुमार यात्रियों के रिजर्वेशन टिकट बना रहे थे। यात्रियों के सांप को देखने व उनके चिल्लाने पर सचिन ऑफिस के बाहर निकले जिसके बाद सांप ऑफिस में घुस गया। कुछ देर बाद सर्प मित्र व वन्य प्राणी अभिरक्षक टोनी शर्मा ने सांप का रेस्क्यू कर सुरक्षित आवास में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब दस बजे रेलवे स्टेशन की टिकट बुकिंग खिड़की पर यात्रीअपना रिजर्वेशन टिकट बनवा रहे थे।रेलवे कर्मचारी सचिन टिकट बनाने में मशगुल थे।एक यात्री की नजर उनके कार्यालय के बाहर घूमते सांप पर पड़ी। इस पर उन्होंने चीखकर सचिन को कार्यालय से तुरंत बाहर निकलने की सलाह दी। सांप को देखकर सचिन भी घबरा गए। वे जैसे तैसे बाहर निकले लेकिन सांप उनके कार्यालय से लगे स्टेशन मास्टर के ऑफिस में घुस गया। कार्यालय परिसर में सांप घुसने की सूचना मिलने पर सर्प मित्र टोनी शर्मा पहुंचे। उन्होंने कार्यालय में अंदर फर्श पर कुंडली मारकर बैठे सांप का रेस्क्यू कर उसे बाहर निकालकर लाए। टोनी ने बताया कि सांप करीब 4.5 फिट का कोबरा प्रजाति का है, जिसे नाग भी कहते हैं। सांप के पकड़े जाने के बाद उपस्थित लोग ने राहत की सांस ली।

---

पीएम-सूरज पोर्टल का वर्चुअली शुभारंभ

## स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 7 हितग्राहियों को 9.86 लाख वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण कार्यक्रम पीएम-सूरज पोर्टल का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में आयोजित समारोह में किया। इस दौरान उन्होंने देशभर के विभिन्न राज्यों के ऋण सहायता प्राप्त लाभार्थियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले से इस कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, विधायक डॉ. आरके दोगने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत, जिला पंचायत सदस्य कमलेश सेजकर व रेखा नानकदास बड़ोदिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत खिरकिया रानू दशरथ पटेल, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मोहनलाल सोलंकी, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग डॉ. कविता आर्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी, पार्षदगण व जनप्रतिनिधि व हितग्राही उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी वंचित वर्ग के लोगों के लिए पीएम सूरज पोर्टल प्रारंभ किया है। हरदा विधायक ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिले। कार्यक्रम में जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के तहत संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत 7 हितग्राहियों को 9.86 लाख तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्वरोजगार योजना के तहत 3 हितग्राहियों को 85 हजार रुपए के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा मप्र आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के तहत 2 हितग्राहियों को किराना व्यवसाय के लिये 2.89 लाख तथा पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग उद्यम योजना के 1 हितग्राही को 3 लाख व मुख्यमंत्री विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना के तहत 3 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिये 2 लाख 99 हजार 500 की सहायता राशि के स्वीकृति पत्र मंच से वितरित किए गए।

---

कार्यक्रम में पीएम ने देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों के लिए ऋण सहायता स्वीकृत की

## पीएम ने वीसी के माध्यम से किया पीएम सूरज योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण के लिए (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुआ। इस दौरान परियोजना प्रशासक विवेक पाण्डे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आशा चौहान, सहायक संचालक नीरज पाराशर सहित विभिन्न अधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों के लिए ऋण सहायता स्वीकृत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और स्वच्छता कार्यकर्ताओं सहित वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। वंचित वर्गों को ऋण सहायता के लिए पीएम- सूरज राष्ट्रीय पोर्टल एक परिवर्तनकारी पहल है, जिससे समाज के सबसे वंचित वर्गों का उत्थान होगा। इसके द्वारा देशभर में पात्र व्यक्तियों को बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)- सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) और अन्य संगठनों के माध्यम से ऋण सहायता प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम में परियोजना प्रशासक पांडे ने डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदक इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं । जिला स्तरीय कार्यक्रम में संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत लाभान्वित हितग्राही अमित बोयत को फोटो कॉपी दुकान के लिए 2 लाख 55 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत लाभान्वित हितग्राही शिवकुमार को इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालित करने के लिए 1 लाख 90 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।

---

एक दिन पहले ही रेलवे ने की थी घोषणा

## आज से बुरहानपुर में रुकेगी जयपुर हैदराबाद साप्ताहिक ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

गुरुवार से ट्रेन नंबर 12719-20 जयपुर हैदराबाद द्वि साप्ताहिक ट्रेन बुरहानपुर में रुकेगी। एक दिन पहले ही सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को रेलवे बोर्ड की ओर से इसकी जानकारी मिली थी। दूसरे दिन बुधवार को इसका नोटिफिकेशन जारी हुआ। गुरुवार सुबह 8 बजे सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल बुरहानपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे।

गौरतलब है कि बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रयास से ट्रेन नंबर 12719-20 जयपुर हैदराबाद द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस का स्टॉपेज शुरू हो पाया है। यह ट्रेन 14 मार्च को सुबह 8 बजे खंडवा से होते हुए बुरहानपुर पहुंचेगी। यहां से मलकापुर के लिए रवाना होगी। बुरहानपुर क्षेत्र के मारवाड़ी समाज और मुस्लिम समाज द्वारा राजस्थान के जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा नांदेड़, हैदराबाद की ओर आने जाने के लिए इस ट्रेन के स्टॉपेज की मांग कर रहे थे। सांसद द्वारा इसके लिए प्रयास किए गए। वहीं अभी नेपानगर में कोरोना काल के समय से स्थगित कुछ ट्रेनों के स्टापेज यथावत नहीं हो पाए हैं। आमजन की मांग है कि कोरोना के समय से स्थगित ट्रेनों का स्टापेज नेपानगर में भी वापस चालू होना चाहिए।

---

नवदुर्गा चौक से भाजपा ने शुरू किया संकल्प पत्र अभियान

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने व्यापारियों से मांगे सुझाव, पेटी में डाले पत्र



**बुरहानपुर।** बुधवार को नवदुर्गा चौक से भाजपा के संकल्प पत्र अभियान की शुरुआत हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने कार्यकर्ताओं के साथ दुकान दुकान पहुंचे। विकसित भारत को साकार करने व्यापारियों से सुझाव मांगे। व्यापारियों ने जिले के विकास के जरूरी लिखित सुझाव पत्र पेटी में डाले।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा- 2024 में भाजपा के नेतृत्व में फिर एक बार प्रधानमंत्री मोदी की सरकार बनने जा रही है। 2024 से 2029 तक भाजपा की मोदी सरकार द्वारा देश में क्या काम करना चाहिए। जनता की आशाएं, आकांक्षाएं, इच्छाएं जानने के लिए भाजपा प्रत्येक मतदाता, व्यापारी, नागरिक से सुझाव आमंत्रित कर रही है। इस अवसर पर खंडवा लोकसभा क्षेत्र संकल्प पत्र समिति प्रभारी बलराज नावानी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष रुद्रेश्वर एंडोले, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक गजेंद्र वर्मा, अनिल वानखेड़े, संजय यवलकर उपस्थित रहे।

### रोचक सुझाव आए सामने- एक सरकार, एक टैक्स की सुविधा लाए

सराफा एसोशिएशन के संतोष श्रॉफ ने कहा मोदी जी की सरकार का जीएसटी सिस्टम बहुत सराहनीय है। इससे कलेक्शन बढ़ा है। आवक बढ़ी है। इसी तरह आयकर के सिस्टम को भी सरल किया जाए। एक सरकार, एक टैक्स होना चाहिए। जीएसटी के प्रति मन में जो डर था वो दूर हुआ है।

### बुरहानपुर- इच्छापुर हाइवे का निर्माण जल्द पूरा करें

आयुष अग्रवाल ने कहा- बुरहानपुर का व्यापार ट्रांसपोर्ट पर निर्भर करता है। बुरहानपुर इंदौर के जो सिक्सलेन बन रहा है उसमें और तेज गति लाना चाहिए। इससे यहां का व्यापार बढ़ेगा।

### धारा 411 में व्यापारी के पक्ष में करें संशोधन

किसी भी आभूषण चोरी के मामले में धारा 411 के तहत सराफा व्यापारी की सुनवाई नहीं की जाती है। इसमें चोर की ज्यादा सुनवाई की जाती है। चोरी के बाद चोर किसी भी व्यापारी पर चोरी का सामान बेचने का आरोप लगता है। जिसमें पुलिस चोर की ज्यादा सुनवाई करता है। जिससे व्यापारी वर्ग बहुत ज्यादा हताश हो जाता है। इसमें संशोधन होना चाहिए, ताकि व्यापारी को सुविधा मिल सके। धारा को न्याय संगत बनाकर व्यापारी की सुरक्षा करें।

---

### एसएन कॉलेज के रितेश, प्रीतम, पूजा ने महाविद्यालय को किया गौरवान्वित

**खंडवा।** नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने विशेष उपलब्धि प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। संस्था प्राचार्य डॉ गणेश प्रसाद दावरे ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर जिलाझ्रराजगढ़ , तहसील झ्रपचोर, ग्रामझ्ररलायती पनवाड़ी में आयोजित किया गया। इस शिविर में नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा प्रीतम पटेल कक्षा बीए तृतीय वर्ष, ग्राम सिर्रा, पूजा कठोतिया कक्षा बीए द्वितीय वर्ष, ग्राम भावसिंगपुरा ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर उक्त राज्य स्तरीय शिविर में सहभागिता की। एक और विशिष्ट उपलब्धि के अंतर्गत उल्लेखनीय है कि शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर में राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर में 15 राज्यों के युवाओं ने सहभागिता की।

---

जिला शिक्षा समिति अध्यक्ष व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने पंचनामा बनाया

## स्कूलों में रीडिंग कॉर्नर की सामग्री खरीदी में अनियमितता के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

सर्व शिक्षा अभियान द्वारा वर्ष 2021-22 में कंटीन्जेंसीज राशि, खेल सामग्री, स्कूलों की रंगाई पुताई सहित अन्य मामलों मे 9 करोड़ के भ्रष्टाचार की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई थी कि विभाग द्वारा एक घोटाला और करने का मामला सामने आ गया है। जिसे लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष बापू सिंह परिहार ने जिला कलेक्टर कर्मवीर शर्मा को लिखा है। और कहा कि विभाग में स्कूलों में रीडिंग कॉर्नर योजना में सामग्री खरीदी में अनियमितता का मामला सामने आया है। खरगोन आगमन पर मुख्यमंत्री को शिकायत करने की बात कही है।

### सीएम से करेंगे शिकायत, डीईओ बोले- नियम से काम हुआ



मामले में जिला पंचायत शिक्षा समिति का अध्यक्ष बापूसिंह परिहार ने क्षेत्र 10 से ज्यादा स्कूलों का भ्रमण कर अनकवाडी स्कूल में पंचनामा बनाया है। मामले में शिक्षा विभाग का कहना है कि जो भी काम हुआ है नियमानुसार हुआ है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष के पंचनामा के मुताबिक 30 हजार की सामग्री खरीदी गई है। जिला पंचायत शिक्षा समिति का आरोप है यह सामग्री पूर्णतः घटिया स्तर की है, जिसकी अनुमानित बाजार की लागत मुश्किल से 10 हजार की होगी। लेकिन इस सामग्री के 29890 रुपए प्रति स्कूल में बिल भेजे जा रहे हैं। परिहार ने बताया भगवानपुरा विकासखंड की कदवाली, लाहौरपानी, भूलवानिया, सिरवेल, काबरी, गुर्जरबावड़ी, अंबाखेड़ा, अनकवाड़ी सहित कई स्कूलों में जब स्कूलों में शिक्षकों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि उन्हें नहीं पता किस मद से विभाग ने यह सामग्री भेजी है। जो सामग्री भेजी गई है वह घटिया स्तर की है और इस सामग्री में भ्रष्टाचार का अंदेशा है। शिक्षकों को यह भी नहीं पता की है सामग्री किस योजना के तहत भेजी जा रही है। स्कूलों में सीधे ट्रक से सामग्री पहुंचाकर शिक्षकों से प्राप्ति रसीद ली जा रही है।

### 190 मिडिल स्कूलों में भेजी सामग्री

बता दें कि शिक्षा अभियान जिला शिक्षा केंद्र खरगोन ने जिले 190 माध्यमिक स्कूलों में रीडिंग कॉर्नर योजना के तहत प्रति माध्यमिक स्कूल (जहां दर्ज संख्या अधिक है) में 30 हजार की सामग्री भेजी है। इसमें आठ नग प्लास्टिक की कुर्सियां, एक प्लास्टिक की टेबल पढ़ने के लिए व पुस्तक रखने फाइबर अलमारी भेजी गई है।


### समिति के जरिये खरीदी होती है

जिला स्तरीय क्रय समिति के माध्यम से खरीदी होती है। जैम पोर्टल पर नियमानुसार कार्रवाई हुई है। यदि किसी स्कूल में गड़बड़ी है तो उसकी शिकायत पर जांच की जाएगी।

एसके कानूड़े,
डीईओ शिक्षा विभाग खरगोन

---

## सिरकम्बा पंचायत सचिव निलंबित



**हरदा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोहित सिसोनिया ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण न करने और ग्रामीणों के ई-केवायसी कार्य में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत सिरकम्बा के पंचायत सचिव धीरज बांके को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्हौंने बताया कि निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत टिमरनी रहेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी रोहित सिसोनिया ने बुधवार को टिमरनी विकासखंड के ग्राम टेमागांव, पड़वा, भादूगांव और सिरकम्बा का दौरा कर वहां संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पंचायतों में जाकर समग्र ई केवाईसी योजना संबंधी प्रगति की जानकारी पंचायत सचिवों से ली। ग्राम सिरकम्बा में निरीक्षण के दौरान ई केवाईसी में प्रगति कम पाये जाने पर वहां के पंचायत सचिव को निलंबित करने के निर्देश उन्होंने दिए।